राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजस्थान दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 29 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान दिवस (30 मार्च) के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि राजस्थान भौगोलिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य की विविधता से अत्यंत समृद्ध है। यहां की भूमि भक्ति और शक्ति का ऐसा अनूठा संगम है, जिसके कण–कण में त्याग, तपस्या, वीरता और बलिदान की गाथाएं समाहित हैं।

राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेश की सद्भाव की संस्कृति को सहेजने और विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है ताकि प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर होता रहे।

———